आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 07.05.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- देश आज पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा है।
- वन मंत्री सुबोध उनियाल ने देहरादून–जू स्थित मालसी परिसर में 'हिमालयन काला भालू' के नए बाड़े का उद्‌घाटन किया। कहा– पर्यटकों और वन्यजीव प्रेमियों को हिमालयी वन्यजीवों के बारे में बेहतर जानकारी मिलेगी।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम के नेतृत्व में सर्बिया दौरे पर उत्तराखंड का प्रतिनिधिमंडल। नोवी साद विधानसभा का भ्रमण किया।
- कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने नैनीताल नगर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

**ऑपरेशन सिंदूर वर्षगांठ**

देश आज ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा है। पिछले वर्ष 7 मई को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के नौ ठिकानों पर हवाई हमले किए गए। इन हमलों में कम से कम एक सौ आतंकी मारे गए थे। यह कार्रवाई पिछले वर्ष 22 अप्रैल को पहलगाम में पर्यटकों पर हुए पाकिस्तान प्रायोजित बर्बर आतंकी हमले का भारत की ओर से करारा जवाब थी।

**हिमालयन काला भालू**

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने देहरादून–जू स्थित मालसी परिसर में 'हिमालयन काला भालू' के नए बाड़े का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इससे पर्यटकों और वन्यजीव प्रेमियों को हिमालयी वन्यजीवों के बारे में बेहतर जानकारी मिलेगी। वन मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से परिवहन संबंधी आवश्यक अनुमति मिलने के बाद राज्य में पर्याप्त संख्या में उपलब्ध वन्यजीवों को अन्य राज्यों की मांग और वहां की पारिस्थितिक आवश्यकताओं के अनुरूप संबंधित राष्ट्रीय पार्कों व चिड़ियाघरों में स्थानांतरित किया जाएगा। इस पहल से न केवल वन्यजीव संरक्षण को मजबूती मिलेगी, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में जैव–विविधता के संतुलन को बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मानव–वन्यजीव संघर्ष को न्यूनतम करने और प्रकृति व मानवता के बीच संतुलित समन्वय स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। श्री उनियाल ने कहा कि जैव–विविधता और वन्यजीव संपदा की दृ

ष्टि से उत्तराखंड अत्यंत समृद्ध राज्य है तथा वन्यजीव संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

**प्रवक्ता भर्ती परीक्षा स्थगित**

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की प्रस्तावित प्रवक्ता भर्ती परीक्षा स्थगित कर दी गई है। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार 9 और 10 मई को आयोजित की जाने वाली भौतिक शास्त्र और नागरिक शास्त्र विषयों की लिखित परीक्षा अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। जानकारी के अनुसार 9 और 10 मई को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की लेक्चरर भर्ती परीक्षा निर्धारित है। परीक्षा तिथियों के टकराव को लेकर अभ्यर्थियों ने आपत्ति जताते हुए परीक्षा तिथि बदलने की मांग उठाई थी। इसके बाद आयोग ने परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया। आयोग ने स्पष्ट किया है कि नई परीक्षा तिथि की घोषणा अलग से आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर की जाएगी।

**मानसून पूर्व तैयारी**

नैनीताल जिला प्रशासन ने आगामी मानसून के दृष्टिगत आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों की तैयारियां अभी से तेज कर दी हैं। जिला कार्यालय सभागार में अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं प्रशासन, सौरभ असवाल की अध्यक्षता में मानसून पूर्व तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों को 24 घंटे सक्रिय रहते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूर्व तैयारी, विभागीय समन्वय और प्रतिक्रिया का समय न्यूनतम रखना आवश्यक है। उन्होंने सड़क और निर्माण एजेंसियों को भूस्खलन संभावित मार्गों पर मशीनरी और ऑपरेटरों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला और तहसील स्तर पर आपदा कंट्रोल रूम चौबीस घंटे संचालित रहेंगे। बैठक में बाढ़ और भू–स्खलन संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षात्मक कार्य शीघ्र पूरा कराने पर जोर दिया गया। इसके अलावा विद्युत विभाग, जल संस्थान, पेयजल निगम और स्वास्थ्य विभाग को अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

**सर्बिया दौरा**

निर्वाचन प्रक्रियाओं के अध्ययन के उद्देश्य से उत्तराखंड का एक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों यूरोपीय देश सर्बिया के दौरे पर है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर यह दल मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम के नेतृत्व में वहां की चुनाव प्रणाली और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का अध्ययन कर रहा है। दल में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे, टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल समेत अन्य अधिकारी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने सर्बिया के नोवी साद प्रांत की विधानसभा

का भ्रमण किया, जहां उन्हें प्रशासनिक ढांचे और लोकतांत्रिक संस्थाओं के संचालन से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी हुई। नोवी साद विधानसभा की अध्यक्ष दीना वुचिनिच ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए भारत और सर्बिया के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों और चुनावी प्रक्रियाओं में सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सर्बिया की प्रांतीय निर्वाचन आयोग के साथ बैठक कर वहां की चुनाव प्रणाली, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और मतदाता जागरूकता अभियानों का अध्ययन किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि इस अध्ययन भ्रमण से दोनों देशों के बीच निर्वाचन प्रबंधन और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के क्षेत्र में अनुभव साझा करने का अवसर मिला है, जिससे भविष्य में सहयोग और मजबूत होगा।

## कुमाऊं आयुक्त

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने नैनीताल नगर के विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बस अड्डे में समुचित सफाई व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को इसमें सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। कुमाऊं आयुक्त ने मॉल रोड के सुधारीकरण कार्यों का भी निरीक्षण किया और निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

## परिवहन विभाग/अभियान

हरिद्वार संभागीय परिवहन विभाग, जिले में ई–रिक्शाओं के सत्यापन और अवैध संचालन के विरुद्ध विशेष अभियान चला रहा है। इसी क्रम में विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील यातायात बिंदुओं पर संचालित ई–रिक्शाओं की सघन जांच की। विशेष रूप से उन ई–रिक्शाओं की जांच की गई जिन पर निर्धारित क्यू.आर कोड स्टिकर अंकित नहीं पाए गए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रशासन, निखिल शर्मा ने बताया कि ई–रिक्शाओं पर लगाए जा रहे इन स्टिकर्स का उद्देश्य वाहनों की पहचान सुनिश्चित करना, अवैध संचालन पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित तथा व्यवस्थित बनाना है। परिवहन विभाग ने सभी ई–रिक्शा संचालकों से अपील की है कि वे शीघ्र ही अपने वाहनों का सत्यापन कराते हुए निर्धारित स्टिकर प्राप्त करें तथा अपने सभी अभिलेख अद्यतन रखें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसे विशेष अभियान लगातार जारी रहेंगे तथा नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों और स्वामियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।